छत्तीसगढ़ शासन
उच्च शिक्षा विभाग
::मंत्रालय::
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
— — 0 — —

क्रमांक GENS/2101/5327/2025/38-2 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 17/10/2025

प्रति,

**आयुक्त,**
उच्च शिक्षा संचालनालय,
इन्द्रावती भवन,
नवा रायपुर अटल नगर।

**विषय :— शैक्षणिक सत्र 2025—26 में स्वाध्यायी छात्रों की पंजीयन तिथि में वृद्धि हेतु मार्गदर्शन के संबंध में।**

**संदर्भः— कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का पत्र कमांक 2212/परीक्षा/2025 दिनांक 09.10.2025 (छायाप्रति संलग्न)**

———0———

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन हो। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025—26 में स्वाध्यायी विद्यार्थियों के पंजीयन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 31/08/2025 में संशोधन कर दिनांक 31.10.2025 तक स्वाध्यायी विद्यार्थियों के पंजीयन की अनुमति प्रदान की जाती है। निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्नः— उपरोक्तानुसार**

**(फबिओला बड़ा)**
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
उच्च शिक्षा विभाग

क्रमांक GENS/2101/5327/2025/38-2 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 17/10/2025

**प्रतिलिपिः—**

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर,
2. निज सचिव, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर,
3. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर,

**की ओर सूचनार्थ प्रेषित।**

4. समस्त कुलसचिव, राजकीय विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़

**की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।**

5. आदेश फोल्डर।

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
उच्च शिक्षा विभाग

E:\private-university\letter2024-25.docx-569

# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्रमांक 2212 /परीक्षा/2025 रायपुर, दिनांक 09/10/2025

प्रति,

अपर संचालक,
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)।

विषय :– शैक्षणिक सत्र 2025–26 में स्वाध्यायी छात्रों की पंजीयन तिथि में वृद्धि हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के संबंध में।

संदर्भ :– 1. छत्तीसगढ़ राज्य शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 17–83/2018/38–2 नवा रायपुर, अटल नगर,रायपुर दिनांक 30/05/2025

2. पत्र क्रमांक 1761/परीक्षा/2025 रायपुर,दिनांक 14/08/2025

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025–26 में स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 31/08/2025 निर्धारित की गयी थी। उक्त तिथि समाप्त होने के उपरांत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों, छात्रों एवं छात्र संगठनों के द्वारा पंजीयन तिथि में वृद्धि हेतु पत्र विश्वविद्यालय को प्राप्त हुए है। उक्त पत्रों को संलग्न करते अधोलिखित तथ्यों से अवगत कराना चाह रहे हैं।

1. स्वाध्यायी छात्रों का आंतरिक मूल्यांकन और असाइनमेंट अभी संपन्न नही हुए है।
2. इस वर्ष स्वाध्यायी छात्रों की पंजीकृत संख्या पिछले वर्ष से आधी है।
3. छात्रों से विभिन्न मदों में प्राप्त शुल्क ही विश्वविद्यालय के राजस्व का प्रमुख स्रोत है।

अतः स्वाध्यायी छात्रों की पंजीयन तिथि में वृद्धि के संबंध में उचित मार्गदर्शन प्रदान करने पत्र सादर प्रस्तुत।

आदेशानुसार,

(हस्ताक्षर) 09/10/25

कुलसचिव

पृ.क्र. 2213 /परीक्षा/2025 रायपुर, दिनांक 09/10/2025

**प्रतिलिपिः–**

1. सचिव माननीय राज्यपाल, राजभवन,रायपुर.
2. माननीय उच्च शिक्षा मंत्रीजी के विशेष सहायक.
3. सचिव, उच्च शिक्षा महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल–नगर.
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल–नगर.
5. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/संचालक,महाविद्यालयीन विकास परिषद,पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर.
6. स.कु.स.,गोपनीय/उ.कु.स.,अकादमिक/उ.कु.स.,विकास, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर.
7. प्रभारी, आई.क्यू.ए.सी. (IQAC), पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर.
8. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,को सूचनार्थ।

(हस्ताक्षर)

उप कुलसचिव (परीक्षा)

D:/Ann.&Sem.25-ADDMISSION/p-37